**ई-मेल द्वारा:**

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II ) गुजरात
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
Office of the Principal Accountant General (Audit-II), Gujarat

**सं.प्रशा.(ले.प.)/10(8)/खंड-VI/** OW - 524 **दिनांक :** 11/08/2021

प्रति

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के
सभी लेखा एवं हकदारी कार्यालय (ई-मेल द्वारा)

**विषय:** लेखा एवं हकदारी कार्यालयों के एस.ए.एस. (सिविल ऑडिट) परीक्षा उत्तीर्ण कर्मियों की प्रतिनियुक्ति बाबत।

महोदय/महोदया

मुख्यालय के पत्र सं.965-Staff(App)-I/04-2020/Vol I दिनांक 30.07.2021 की अनुपालना में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी लेखा एवं हकदारी कार्यालयों को जारी इस कार्यालय के पत्र सं.प्रशा.(ले.प.)/10(8)/खंड-VI/OW.28 दिनांक 09.04.2021 के क्रम में इस कार्यालय द्वारा सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी के 4 पदों के लिए लेखा एवं हकदारी कार्यालयों के एस.ए.एस.(सिविल ऑडिट) उत्तीर्ण कर्मियों (जो अभी तक किसी सिविल ऑडिट कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर चयन न हुए हों) से प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अतः निवेदन है कि उक्त प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक कर्मियों के आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ दिनांक 06.09.2021 तक इस कार्यालय को प्रेषित कर दिए जाए:

क. आवेदक का बायोडाटा (मूल रूप में तथा सत्यापित)
ख. आवेदक की पिछले पांच वर्षों की APAR की प्रतियाँ
ग. सतर्कता/अनुशासनात्मक/आपराधिक अनापत्ति प्रमाण-पत्र
घ. पूर्व में कोई प्रमुख/मामूली दंड, यदि कोई हो, तो उसका विवरण

ऐसे कर्मी जो 56 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हों, जिनके विरुद्ध सतर्कता/अनुशासनात्मक/आपराधिक मामले लंबित अथवा विचाराधीन हो तथा जिनके विरुद्ध कोई प्रमुख/मामूली दंड चल रहा हो के आवेदन आग्रेषित न किए जाए।

यह प्रधान महालेखाकार के अनुमोदनोपरान्त जारी है।

भवदीया

रूप लक्ष्मी प्रकाश

वरि. उप-महालेखाकार (प्रशा.)

लेखापरीक्षा भवन, नवरंगपुरा, अहमदाबाद - 380 009. Audit Bhavan, Navrangpura, Ahmedabad-380009.
फोन / Phone : 079-26403713, 26561327, 26405874, 26561282, 26560892, 26473888
फेक्स / Fax : 079-26561853 E-mail : pagau2gujarat@cag.gov.in